**निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर आवश्यक समुच्चयबोधक लगाइए–**

(क) यदि आदिकाल का मानव पृथ्वी पर अवतरित हो जाए ........................ उसकी आँखों को विश्वास नहीं होगा ........................ यह मृत्युलोक है।

(ख) वास्तव में विज्ञान एक आज्ञाकारी सेवक ........................ निरंकुश शासक है।

(ग) आज हमारे देश में अनेक पुस्तकालय हैं ........................ अभी भी अच्छे पुस्तकालयों की कमी है

(घ) यद्यपि हमारे आस-पास के लोग राशन की दुकान पर लाइन लगा लेते हैं ........................ कभी-कभी लाइन टूट जाती है।

(ङ) मुझे अनेक उपन्यासकारों ने प्रभावित किया है ........................ जितना प्रभावित प्रेमचंद जी ने किया, उतना अन्य किसी ने नहीं।

(च) वे शक्ति, शील ........................ सौंदर्य के भंडार हैं।

(छ) दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए कानून बनाया गया है ........................ उसमें कुछ नहीं हो रहा है।

(ज) तुम्हें टी०वी० खरीदना है ........................ फ्रिज।

(झ) यहाँ लाइट का प्रबंध कर दो ........................ किसी को आने- जाने में असुविधा न हो।

(ञ) ........................ वह कमज़ोर है ........................ तुम उसे दबा रहे हो।

1. निम्नलिखित वाक्यों में से क्रियाविशेषण छाँटिए तथा उनके भेद भी बताइए–

(क) गिरिजा अच्छा नृत्य करती है।
(ख) उसने बाँस सीधा खड़ा किया था।
(ग) तुम्हें वहाँ जल्दी जाना चाहिए था।
(घ) तुम जैसा कहोगे, मैं वैसा करूँगा।
(ङ) अब सब वहाँ जाना।
(च) पंकज कल दिल्ली जाएगा।
(छ) माता जी अचानक आ गईं।
(ज) फूल मत तोड़ो।
(झ) वह तो गंदा लिखता है।
(ञ) कहीं-न-कहीं तो जाना ही है।
(ट) सोहन कितना भी परिश्रम क्यों न करे, उसे लाभ नहीं मिलता।
(ठ) कम बोला करो।
(ड) वह ज़रूर आएगा।
(ढ) मैं तो चलते-चलते थक गया।
(ण) तुम्हें विनम्रतापूर्वक बोलना चाहिए।
(त) कक्षा में सब छात्र चुपचाप बैठे थे।
(थ) तुम तो खूब खाते हो।
(द) इधर-उधर मत देखो।
(ध) वह रात-भर जागता रहा।
(न) शीला कब खेलेगी?

2. निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण तथा क्रियाविशेषण छाँटिए–

(क) मोहित से कहो कि सो जाए, काफ़ी पढ़ लिया है।
(ख) मैंने उसे थोड़ा दूध दिया था।
(ग) चंद्रमा धीरे-धीरे निकल रहा था।
(घ) चोरी मत करो।
(ङ) गंगा-स्नान पर बहुत आदमी थे।
(च) मैं कल विद्यालय नहीं गया था।
(छ) गोदान को लाखों व्यक्ति पढ़ चुके हैं।
(ज) वह ज़ोर-ज़ोर से हँस रहा था।
(झ) तुम्हारा कमरा सुंदर है।
(ञ) आज आँधी ज़ोरों से आई।

(ङ) कल संसद में बजट

7. रेखांकित में कारक पहचानिए–

(क) उनका घर पक्का है।

(ख) पेड़ से पत्ते गिरते हैं।

(ग) पेंसिल से ही उसने ऐसा चित्र बनाया।

(घ) पेड़ से फल गिरा।

(ङ) मेंढक को पत्थर से मत मारो।

(च) उसने चाकू से फल काटे।

(छ) लोटा छत से गिर गया।

(ज) पेड़ पर मत चढ़ो।

(झ) वह बच्चों के लिए मिठाई लाया।

(ञ) चोर सिपाही से डरता है।

(ट) कलम मेज़ से गिर गया।

**2. निर्देशानुसार वाच्य बदलिए–**

1. हलवाई द्वारा मिठाई बनाई गई। (कर्तृवाच्य में)
2. लड़की रात-भर सो न सकी। (भाववाच्य में)
3. लड़का पत्र लिखता है। (कर्मवाच्य में)
4. तुम अखबार पढ़ते हो। (कर्मवाच्य में)
5. वह तख्त पर सोता है। (भाववाच्य में)
6. उनसे यह दृश्य नहीं देखा गया। (कर्तृवाच्य में)
7. मित्र विपत्ति में मदद करते हैं। (कर्मवाच्य में)
8. तुमसे यह वज़न नहीं उठाया जाएगा। (कर्तृवाच्य में)
9. हम आज रात को यहीं ठहरेंगे। (भाववाच्य में)
10. वाणी कहानी सुनाती है। (कर्मवाच्य में)
11. मुझसे हँसा नहीं जाता। (कर्तृवाच्य में)
12. मैं घर में नहीं बैठ सकता। (भाववाच्य में)
13. सुरेश नाटक खेलता है। (कर्मवाच्य में)
14. वे इस दुर्दशा को नहीं देख सकते। (भाववाच्य में)
15. मैं सुबह पान खाता हूँ। (कर्मवाच्य में)
16. गरमियों में लोग खूब नहाते हैं। (भाववाच्य में)
17. पक्षी रात में सोते हैं। (भाववाच्य में)
18. हामिद पतंग उड़ा रहा है। (कर्मवाच्य में)
19. कल देर तक पढ़ा गया। (कर्तृवाच्य में)
20. चिड़ियाँ घोंसलों में सोती हैं। (भाववाच्य में)
21. लड़का पत्र पढ़ता है। (कर्मवाच्य में)
22. अमन से पुस्तक पढ़ी जाएगी। (कर्तृवाच्य में)
23. निक्की ने खाना खाया। (कर्मवाच्य में)
24. नानी से कहानी नहीं कही जाती। (कर्तृवाच्य में)
25. जाड़ों में गरम पानी से नहाते हैं। (कर्तृवाच्य में)
26. माँ बेटे को दुलार करती है। (कर्मवाच्य में)
27. आइए, दौड़ा जाए। (कर्तृवाच्य में)
28. नहा रहे हो क्या? (भाववाच्य में)
29. लेखक पुस्तक लिख रहा है। (कर्मवाच्य में)
30. आओ, खेलें। (भाववाच्य में)

**3. निम्नलिखित वाक्यों में कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य तथा भाववाच्य छाँटिए–**

(क) माँ द्वारा बच्चे को सुला दिया गया। ........................................

(ख) जाहिदा कुरान पढ़ती है। ........................................

(ग) बच्चों से खेला जाएगा। ........................................

(घ) मैं लिख नहीं सकता। ........................................

(ङ) पक्षी आकाश में उड़ते हैं। ........................................

(च) हम शास्त्री जी को नहीं भूल सकते। ........................................

(छ) मैं नहीं हँस सकता। ........................................

(ज) हमसे पत्र नहीं पढ़ा जाता। ........................................

(झ) भगवान सबकी रक्षा करते हैं। ........................................

(ञ) प्रेमचंद जी ने अनेक कहानियाँ लिखी हैं। ........................................

(ट) कहारों ने डोली उठाई। ........................................

(ठ) मैं यह भाषा नहीं पढ़ सकूँगा। ........................................

(ड) लाल किला शाहजहाँ ने बनवाया था। ........................................

(ढ) मेरा मित्र इस समस्या पर विचार कर रहा था। ........................................

(ण) बालक कहानी पढ़ता है। ........................................

(त) वे कॉलेज में पढ़ाते हैं। ........................................

(थ) तुम्हें यहाँ किसने भेजा है? ........................................

(द) यह सुंदर रचना तुलसीदास द्वारा रची गई है। ........................................

(ध) आओ मिलकर बैठें। ........................................

(न) इनके द्वारा जो लिखा जाता है, वह समझ में नहीं आता। ........................................

(प) वह गरम-गरम चाय नहीं पी सकता। ........................................